


नवभारत
इंदौर, रविवार, 7 जून, 2026




## एक नजर में

### 50 दुग्ध उत्पादक किसान अध्ययन भ्रमण के लिए मेहसाणा रवाना




**नागदा ( धार )।** दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक डेयरी प्रबंधन, पशुपालन की उन्नत तकनीकों तथा सहकारी दुग्ध व्यवसाय की सफल कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से धार–बदनावर क्षेत्र के 50 सदस्यीय दुग्ध उत्पादक किसानों के दल को मेहसाणा (गुजरात) अध्ययन भ्रमण हेतु रवाना किया गया। दल को नागदा दुग्ध समिति के अध्यक्ष दरबार सिंह पटेल, संघ प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह पटेल, प्रबंधक क्षेत्र संचालन मोहन वास्केल द्वारा हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि अध्ययन भ्रमण के माध्यम से किसानों को आधुनिक डेयरी प्रबंधन, पशु पोषण, दुग्ध उत्पादन, दुग्ध संग्रहण एवं प्रसंस्करण की नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी। मेहसाणा की सफल डेयरी सहकारिता व्यवस्था का अध्ययन कर किसान अपने क्षेत्र में भी बेहतर व्यवस्थाएं विकसित कर सकेंगे, जिससे दुग्ध उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि होगी। भ्रमण के दौरान किसान मेहसाणा स्थित प्रमुख डेयरी संस्थानों एवं पशुपालन इकाइयों का अवलोकन कर वहां की कार्यप्रणाली का अध्ययन करेंगे। कार्यक्रम में दुग्ध समितियों के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को सफल एवं ज्ञानवर्धक अध्ययन भ्रमण हेतु शुभकामनाएं दी गईं।

### फुटबॉल के विकास हेतु जिला स्तरीय लीग प्रतियोगिताएं हों : अमित रंजन देव



**धार ( निप्र )** धार जिले में फुटबॉल प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव श्री अमित रंजन देव के मुख्य आतिथ्य में जिला फुटबाल संघ धार की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अनिल प्लाजा हाउस धार में किया गया। अध्यक्षता श्री पुरुषोत्तम बिरनोई आरआई डीआरपी लाइन धार द्वारा की गई। विशेष अतिथि डीएसओ श्री राजेश शाक्य, अनिल प्लाजा संचालक श्री शांताराम बंसोड़ एवं डीएफए लीगल एडवाइज़र एडवोकेट श्री खालिद निसार थे। सर्वप्रथम अतिथियों का पुष्पमालाओं तथा पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया। डीएफए कार्यकारी अध्यक्ष श्री शमशेर सिंह यादव ने अतिथि परिचय और स्वागत भाषण दिया तथा जिले की फुटबॉल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से उपस्थित समुदाय को अवगत कराया। डीएफए सचिव श्री सुभाष डेविड ने जिले के आठ मान्यता प्राप्त क्लबों की सूची सहित, फुटबॉल गतिविधियों और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एमपीएफए सचिव श्री अमित रंजन देव ने कहा कि जिले में प्रत्येक आयु वर्ग के लिए फुटबॉल लीग स्पर्धा आयोजित की जाए, पालकों को जागरूक किया जाए, प्रतिभाओं की खोज की जाए, ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और मध्य प्रदेश फुटबॉल फेडरेशन से निर्धारित प्रक्रिया अंतर्गत वार्षिक पंजीयन कराया जावे। किसी भी अनाधिकृत स्पर्धा में भाग न लें, प्रत्येक स्तर पर निर्धारित शुल्क जमा कर अनुमति प्राप्त करें। रैफरी परीक्षाओं में सहभागिता करें। फुटबॉल कोच के लिए लाइसेंस कोर्स करें। फुटबॉल खेल और प्रबंधन में अनेक संभावनाएं है। पुरुषोत्तम बिरनोई ने कहा फुटबॉल विश्व का लोकप्रिय खेल है, एमपीएफए और डीएफए धार के प्रयास सराहनीय है। राजेश शाक्य ने कहा फुटबॉल के विकास के लिए खेल विभाग हमेशा सहयोग करने के लिए तत्पर है। शांताराम बंसोड़ ने कहा फुटबॉल टीम गेम है सामूहिक प्रयास से बेहतर परिणाम मिलेंगे। खालिद निसार ने कहा विद्यालय स्तर पर फुटबॉल स्पर्धाएं आयोजित की जाए, फुटबॉल की लोकप्रियता के साथ खेलने के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर रामचंद्र वर्मा (बदनावर), राजेश हरोड़ (टोनी), राजीव डेविड, सुंदर रायकवार, शैलेंद्र पाल (सरदारपुर), जिम्मी ( मेघनगर), नीरज शर्मा, अमित शुक्ला, भादर सिंह पंवार, सचिन पाल, महेंद्र चौहान, मनोज चौहान, राहुल पाल, राजकुमार ठाकुर, उत्कर्ष डेविड, तरुण परमार, दुर्गेश वर्मा, कृष्णा सूजान, आशीष अम्लीयार भास्कर (सरदारपुर), एनोश मसीह तथा अनेक खेल प्रेमी खिलाड़ीगण विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्री शमशेर सिंह यादव द्वारा किया गया तथा आभार श्री राजीव डेविड द्वारा माना गया।

### टोयोटा ने पेश किया न्यू इनोवा क्रिस्टा

**इंदौर.** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत की सबसे पसंदीदा एमपीवी न्यू इनोवा क्रिस्टा लॉन्च करने की घोषणा की है। इसमें नए बोल्ड डिज़ाइन एलिमेंट्स और अतिरिक्त सुविधाएँ शामिल हैं। टोयोटा की एवर बेटर कार्स फिलॉसफी और मजबूत कस्टमर-फर्स्ट अप्रोच के अनुरूप, यह नवीनतम अपग्रेड बदलती ग्राहक अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। लॉन्च पर सबरी मनोहर, एक्ज़ीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट- सेल्स, सर्विस और यूज़्ड कार बिज़नेस, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा ब्रांड इनोवा की 13 लाख से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ, इनोवा क्रिस्टा ने एमपीवी सेगमेंट में अपनी दो दशक लंबी विरासत के जरिए रिलायबिलिटी, कम्फर्ट और वैल्यू के अनमैच्ड बेंचमार्क स्थापित किए हैं। रिफ्रेश्ड न्यू इनोवा क्रिस्टा में सूक्ष्म लेकिन सार्थक अपडेट्स पेश किए गए हैं, जो नई ताज़गी का अहसास कराते हैं, जबकि ये अनराइवल्ड क्वालिटीज़ बरकरार रखते हैं जिन्हें ग्राहक सबसे अधिक महत्व देते हैं। निरंतर सुधार और कस्टमर-सेंट्रिक इनोवेशन से प्रेरित होकर, हम जीवन के हर चरण में भरोसेमंद मोबिलिटी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### वसुमित्र समाजसेवा समिति ने किया पौधारोपण

**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वसुमित्र समाज सेवा समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट सिरपुर तालाब स्थित बटरफ्लाई पार्क में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य तितलियों के संरक्षण एवं उनकी संख्या में वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना था. इस अवसर पर तितलियों के जीवन चक्र के लिए आवश्यक लार्वल होस्ट प्लांट्स तथा विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया. संस्था की सचिव डॉ. ग्रीष्मा त्रिवेदी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस पौधारोपण अभियान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम में जान्या पंजाबी, चारु, यशस्वी, अपरा, निकिता, अमित मंडलोई, सचिन सेहरिया, कीर्ति राणाडे सहित अनेक विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

# पौधारोपण के लिए आगे आए अधिकारी







**पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत ने की सहभागिता, एक पेड़ मां के नाम थीम पर मोती वन में रोपे 25 पौधे**

**धार ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा धार द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय पुलिस लाइन, मांडू रोड स्थित मोती वन में महिला परिषद् परिवार द्वारा 25 छायादार एवं फलदार पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, विशेष अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, नगर पुलिस अधीक्षक सुझावल जग्गा एवं सहायक कलेक्टर आशी जी की उपस्थिति रही। परिषद् परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं पौधों को वर्ष भर पोषित कर देखरेख करने वाले पर्यावरणविद पीरू दादा को परिषद् द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्प हार से सम्मान किया गया।

एसपी शर्मा ने कहा कि प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं का यह संयुक्त प्रयास धार जिले को हरा-भरा बनाएगा। सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी ने एक पेड़ मां के नाम थीम को भावनात्मक एवं प्रेरणादायी बताया।

# मेट्रो दूसरे चरण का लोकार्पण 18 जून को

▶ अब चलेगी मुख्य शहरी क्षेत्र में, यात्री मिलने की पूरी उम्मीद

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आखिर तीन माह से निर्माण और तकनीकी रूप से पूरी होकर लोकार्पण के इंतजार कर रही मेट्रो दूसरे चरण की लाइन शुरू होने का समय तय हो गया. वैसे एक साल के इंतजार के बाद अब मेट्रो सुपर कॉरिडोर से आगे रेडिसन चौराहे पर यात्रियों के साथ पहुंचेगी. इसमें टीसीएस, लवकुश चौराहे से मालवीय नगर चौराहे तक मेट्रो को हजारों की संख्या में यात्री मिलने के पूरी संभावना है. इसका कारण यह है कि यही मेट्रो का वो हिस्सा है, जिसमें बड़ी संख्या में व्यवसायिक ऑफिस, हॉस्पिटल और घानी आबादी वाला क्षेत्र है.**

इंदौर में 18 जून से सुपर कॉरिडोर के गांधी नगर स्टेशन से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होगा. इसको लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में मुद्दा उठा था कि देरी होने पर दो माह पिछड़ जाएंगे.



इसके बाद सहमति बनी और तारीख तय हो गई. अब आगामी 18 जून को केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मेट्रो के दूसरे चरण का व्यवसायिक संचालन करने को लेकर हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही इंदौर में मेट्रो अब पूरे 17 किलोमीटर का सफर तय करने लगेगी. ध्यान देने वाली बात यह है कि मेट्रो दूसरे चरण में 11 स्टेशन और 11.5 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड लाइन का निर्माण रिकॉर्ड एक साल में पूरा किया गया है. बस इंतजार सिर्फ लोकार्पण का था, जो तीन महीने से आगे बढ़ रहा था, लेकिन अब 18 जून वो इंतजार खत्म करने जा रही है. यह बात अलग है कि लोकार्पण का स्थान अभी तय नहीं हुआ है,

# अध्यक्ष गैरहाजिर, फिर भी परिषद् बैठक

**धामनोद।** नगर परिषद् धामनोद की परिषद् बैठक तब चर्चा का विषय बन गई, जब बैठक बुलाने वाली परिषद् अध्यक्ष सीमा पाटीदार स्वयं ही बैठक से नदारद रहीं। अध्यक्ष की अनुपस्थिति के कारण निर्धारित समय पर बैठक प्रारंभ नहीं हो सकी और कोरम पूर्ण नहीं होने की स्थिति में बैठक को ढाई घंटे स्थगित करना पड़ा।

नगर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में अध्यक्ष की गैरमौजूदगी को लेकर परिषद् गलियारों में सवाल उठते रहे कि जब बैठक का आयोजन स्वयं अध्यक्ष के आदेश पर किया गया था, तो उनकी अनुपस्थिति का कारण क्या था।

शाम 5.30 बजे पुन: बैठक हुई, लेकिन इस दौरान भी अध्यक्ष सीमा पाटीदार उपस्थित नहीं हुईं। हालांकि इस बार कोरम पूर्ण होने पर उपस्थित पार्षदों ने प्रक्रिया का पालन करते हुए सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष जयश्री अंतिम यादव को बैठक की अध्यक्षता सौंप दी। उपाध्यक्ष ने तत्परता दिखाते हुए बैठक की कमान संभाली।



# स्वच्छ ऊर्जा अपनाकर मिसाल बने कमल और विष्णु पाटीदार

**बदनावर।** ग्राम पिटगारा में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और घरेलू गैस पर निर्भरता के बीच जागरूक किसान भाई कमल पाटीदार एवं विष्णु पाटीदार ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। दोनों भाइयों ने लगभग 17 वर्ष पूर्व अपने घर पर गोबर गैस संयंत्र स्थापित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया था, जिसका लाभ आज भी निरंतर प्राप्त कर रहे हैं। पशुधन से प्राप्त गोबर के माध्यम से तैयार होने वाली गैस से उनके घर का भोजन नियमित रूप से पकाया जाता है, जिससे ईंधन खर्च में बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित यह मॉडल ग्रामीण क्षेत्र में वैकल्पिक ऊर्जा के प्रभावी उपयोग का उदाहरण बन गया है।



कमल और विष्णु पाटीदार आसपास के किसानों एवं ग्रामीणों को भी गोबर गैस संयंत्र अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए बताते हैं कि उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग कर प्रत्येक किसान घरेलू ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन सकता है।



# गलत नीतियों से बढ़ रही बेतहाशा महंगाई

**नागदा( धार )।** केंद्र सरकार और राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ रही बेहतशा महंगाई और युवा बेरोजगार को लेकर धार जिला बेरोजगार प्रकोष्ठ संगठन द्वारा सादलपुर ब्लॉक मुख्यालय पर संगठन के सैकड़ों युवाओं ने रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया और युवाओं ने रोजगार की मांग की।

प्रदर्शन धार जिला के रोजगार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कमल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में किया गया जहां युवाओं के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे उक्त प्रदर्शन में सभी ने सहभागीता कि और सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की।

### विरोहन की वुमन इन हेल्थकेयर पहल

**इंदौर.** हेल्थकेयर एजुकेशन कंपनी विरोहन ने 'वुमन इन हेल्थकेयर' पहल की शुरुआत करते हुए 2 करोड़ रुपएकी स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की है. इस योजना के तहत पात्र महिला आवेदकों को 50,000 की स्कॉलरशिप दी जाएगी. 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को एक लाख रुपए और 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को दो लाख रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी.

# सरदारपुर सिविल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की हुई पदस्थापना

**सरदारपुर।** विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रयासो से सरदारपुर सिविल अस्पताल मे स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप मे डॉ. नीरज बागडे की पदस्थापना हुई है। सरदारपुर सिविल अस्पताल मे स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त होने से सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा मे प्रश्न लगाकर स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित रिक्त पदो पर पदस्थापना करने की मांग की गई थी जिसके जवाब मे आगामी समय मे पदस्थापना करने का आश्वासन मध्यप्रदेश विधानसभा मे दिया गया था। विगत दिवस लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भोपाल द्वारा आदेश जारी कर डॉ. नीरज बागडे को सिविल अस्पताल सरदारपुर मे पदस्थ किया गया है।

# पीएम श्री कन्या स्कूल बाकानेर में पौधारोपण

**बाकानेर.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बाकानेर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य किरण वास्केल और संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर विद्यालय परिसर में पौधे लगाए।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती किरण वास्केल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण





बाकानेर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बाकानेर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य वास्केल, टीचरों ने मिलकर परिसर में पौधारोपण किया।

# सांवेर रोड पर कुत्ते का आतंक 40 से अधिक लोग घायल

**इंदौर.** सांवेर रोड इलाके में शुक्रवार को एक कुत्ते ने 40 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया. इनमें सबसे ज्यादा 16 से अधिक घायल अरविंदो अस्पताल पहुंचे, जबकि बाकी घायलों को आसपास के अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. पीड़ितों में डॉक्टर, नर्स, मेडिकल स्टूडेंट्स, मरीज, सिक्योरिटी गार्ड और राहगीर शामिल हैं. कुत्ते के हमले की शुरुआत सुबह करीब 8 बजे अरविंदो अस्पताल परिसर से हुई. अस्पताल के मैनेजर डॉ. नीरज सेन के अनुसार कुत्ता पीछे के हिस्से से अस्पताल में घुसा और वहां मौजूद स्टाफ पर हमला कर दिया. अचानक हुए हमले से परिसर में अफरा-तफरी मच गई. इसके बाद कुत्ता अस्पताल से निकलकर सांवेर रोड क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में घूमता रहा और रास्ते में मिलने वाले लोगों को काटता गया. दिनभर में 40 से ज्यादा लोग इसकी चपेट में आ गए. शाम तक 16 से अधिक घायलों का इलाज अरविंदो अस्पताल में किया, जबकि अन्य घायल आसपास के अस्पतालों में पहुंचे. इलाज कराने वालों में डॉ. स्मृति, डॉ. अक्षिता, सचिन राजपूत, अंजनी शर्मा, सीमा, शोभा, परिणीता, कुसुम, प्रणव गुप्ता, गोविंदा, विष्णु, अफसर, राजीव धाकड़ और आर्यन समेत अन्य लोग शामिल हैं. अस्पताल से निकलने के बाद कुत्ता एलएनसीटी कॉलेज, बरदरी गांव, रेवती रेंज और रेनेसां कॉलेज क्षेत्र तक पहुंच गया. इन इलाकों में भी कई लोगों पर हमला किया. घटना के बाद सांवेर रोड और आसपास के क्षेत्रों में लोगों में दहशत का माहौल बना रहा.

### द ओडिसी की आईमैक्स एडवांस बुकिंग 8 जून से शुरू होगी

**इंदौर.** क्रिस्टोफर नोलन की बहुप्रतीक्षित फिल्म द ओडिसी का इंतजार कर रहे भारतीय दर्शकों के लिए अच्छी खबर है. 8 जून से भारत में इस फिल्म की आईमैक्स एडवांस बुकिंग शुरू हो जाएगी. इसके साथ ही भारतीय दर्शक दुनिया के उन पहले लोगों में शामिल होंगे, जो इस फिल्म के लिए अपनी पसंदीदा सीटें पहले से बुक कर सकेंगे. पूरी तरह आईमैक्स कैमरों से शूट की गई यह दुनिया की पहली फीचर फिल्म है. फिल्म 17 जुलाई को भारत समेत दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# जावेद जाफरी ने सरोज खान को दिया डांस का श्रेय

**इंदौर.** सालों से जावेद जाफरी ने खुद को भारत के सबसे बहुमुखी परफॉर्मर्स में स्थापित किया है. अपनी अनोखी स्टाइल, ऊर्जा और स्टेज प्रेज़ेंस के लिए सराहे जाने वाले जावेद मानते हैं कि उनके डांस की समझ ज़्यादातर औपचारिक ट्रेनिंग से नहीं, बल्कि इंडस्ट्री के बेहतरीन कोरियोग्राफर्स और परफॉर्मर्स को देखकर और उनसे सीखकर आई है. अपनी यात्रा को आकार देने वाले लोगों को याद करते हुए जावेद जाफरी ने बताया कि उन्हें सबसे बड़ा सबक डांस में एक्सप्रेशन का महत्व समझना था. इस सीख का श्रेय वह दिग्गज कोरियोग्राफर सरोज खान को देते हैं. जावेद कहते हैं एक्सप्रेशन मतलब सरोज खान, आप जानते हैं, बहुत कुछ. इंडियन डांस फॉर्म में एक्सप्रेशन बहुत ज़रूरी है.

# क्षेत्रीय सिनेमा के विकास के लिए ज्ञापन सौंपा

**इंदौर.** मध्य प्रदेश में पर्यटन के वैश्विक परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मालवा टॉकीज़ के निदेशक राजेंद्र राठौड़ ने मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेंद्र भाऊ लोधी से सौजन्य भेंट कर प्रदेश में क्षेत्रीय सिनेमा के विकास तथा फिल्म अनुदान नीति के सरलीकरण एवं संशोधन संबंधी ज्ञापन सौंपा. राजेंद्र राठौड़ ने मंत्री जी को अवगत कराया कि मध्य प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोककला, ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए क्षेत्रीय सिनेमा का विकास अत्यंत आवश्यक है. मालवी, निमाड़ी, बुंदेली, बघेली, गोंडी तथा अन्य स्थानीय भाषाओं में बनने वाली फिल्में प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर पर प्रचारित करने का सशक्त माध्यम बन सकती हैं. ज्ञापन में माँग की गई कि मध्य प्रदेश की फिल्म नीति में आवश्यक संशोधन कर क्षेत्रीय फिल्मों के लिए अनुदान प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं व्यावहारिक बनाया जाए. साथ ही, अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रत्यक्ष अनुदान व्यवस्था लागू की जाए, जिससे स्थानीय फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहन मिल सके और प्रदेश में अधिक से अधिक क्षेत्रीय फिल्में निर्मित हो सके.

## एक नजर में

**श्रीराम कथा महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ होगा आज कुक्षी में विशाल भंडारा**

# राममय होने वाले को अवश्य मिलते हैं प्रभु : आचार्य उपाध्याय

**कुक्षी।** मनुष्य जीवन की सार्थकता धर्म के मार्ग पर चलने में ही है। यदि मनुष्य अपने पहले चरण यानी जवानी से ही भगवान राम के आदर्शों को समझने लग जाए, तो बुढ़ापे का मार्ग सुगम हो जाता है ।लेकिन जो बचपन से ही राम नाम में लीन हो जाता है, उसे पचपन में ईश्वर की प्राप्ति अवश्य हो जाती । यह सारी सृष्टि राममयी है, बस मनुष्य को अपनी दृष्टि को राममयी बनाने की आवश्यकता है।

यह बात इच्छापूर्ण हनुमान में चल रही श्री राम कथा की आठवें दिन कथा आचार्य गोपाल कृष्ण उपाध्याय ने कही.उन्होंने कहा की संसार का यह नियम है कि जब किसी प्राणी को सब धिक्कार देते हैं. सारा संसार जिससे रूठ जाता है, उसे संत स्वीकार करते हैं संतों का हृदय माखन के समान कोमल और दयालु होता है, जो हर भटके हुए जीव को राह दिखाता है। जो मनुष्य धर्म के साथ चलता है, उसका हर कार्य शुभ होता है, और जो अपना धर्म छोड़ देता है, उसका पतन निश्चित है ।धर्म की राह पर चलने वाला मानव ही असल में धन्य है ।केवल वेश बदलने या भगवा वस्त्र पहनने से कोई संत नहीं बन जाता। संत वही है जो परमार्थ का जीवन जीता है और सत्य के मार्ग पर अडिग रहता है। वह चाहे कोई भी कपड़ा पहने, उसके कर्म ही उसकी असल पहचान हैं। प्रभु श्री राम कभी भी अपने भक्तों के विश्वास की डोर नहीं तोड़ते, इसलिए मनुष्य को हमेशा उनका स्मरण करते हुए जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए ।उन्होंने कथा श्रवण करने श्रद्धालुओं को संतोष धन के सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि जिसकी आत्मा में संतोष है, वही दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति है, फिर चाहे वह आर्थिक रूप से गरीब हो या अमीर। जो मनुष्य छल, कपट, राग और द्वेष से ऊपर उठकर जीवन जीता है, वही अंत में राम के परम धाम को प्राप्त करता है।

संतजनों के सानिध्य में श्रीराम कथा एवं श्रीरामचरितमानस महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ होगा। आज विशाल भंडारा इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर प्रांगण पर आज रविवार को विशाल भंडारे के साथ नव दिवसीय राम कथा का समापन व श्रीराम महायज्ञ महोत्सव की पूर्णाहुति ख्याति प्राप्त संतजनों के समागम के साथ होगी।